# 2024

## HINDI — MDC

**Paper : CC-1**

**(Adikalin evam Madhyakalin Hindi Kavita)**

**Full Marks : 75**

*The figures in the margin indicate full marks.*

*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

## (आदिकालीन एवं मध्यकालीन हिंदी कविता)

**1.** किन्हीं *तीन* पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) मन न रंगाये, रंगाये जोगी कपरा।
आसन मारि मंदिर में बैठे, ब्रह्म छाड़ि पूजन लगे पथरा।।
कनवा फड़ाय जोगी जटवा बढ़ौले, दाढ़ी बढ़ाय जोगी होइ गैले बकरा।।
जंगल जाय जोगी धुनियाँ रमौले, काम जलाय जोगी होइ गैले हिजरा।।
मथवा मुंडाय जोगी कपरा रंगैले, गीता बँाचके होइ गैले लबरा।
कहहिं कबीर सुनो भाई साधो, जम दरवजवा बांधल जैबे पकरा।।

(ख) अजौं तर्‌यौना ही रह्यो श्रुति सेवक इक अंग।
नाक बास बेसरि लह्यौ बसि मुकुतनु के संग।।
को छूट्यौ इहिं जालपरि कत कुरंग अकुलात।
ज्यौं-ज्यौं सुरझि भज्यौ चहत त्यौं त्यौं उरझत जात।।

(ग) कोइ कहियो रे प्रभु आवन की।
आवन की मनभावन की, कोई।।
आप न आवे लिख नहिं भैजे, बांण पड़ी ललचावन की।
ए दोइ नैना कह्यो नहि माने, नदियां बहै जैसे सावन की।।
कहा करुं कछु नहिं बस मेरो पांख नहीं उड़ जावन की।
मीरा कहे प्रभु कब रे मिलोगे चेरी भई हुं तेरे दाँवन की।।

Please Turn Over

(घ) मैया हौं न चरैहौं गाइ।
सिगरे ग्वाल घिरावत मोसौ, मेरे पाइ पिराँइ।
जो न पत्याहि पूछि बलादाउहिं, आपनी सौहं दिवाइ।
यह सुनि माइ जसोदा ग्वालनि, गारी देति रिसाइ।
मैं पठवति अपने लरिका को, आवे मन बहराइ।
सूर स्याम मेरौ अति बालक, मारत ताहि रिगाइ।।

(ङ) रावरे रूप की रीत अनूप, नयो नयो लागत ज्यौ-ज्यौ निहारियै।
त्यौं इन आखिंन बानि अनोखी, अघानि कहूं नहीं आनि तिहारियै।
एक ही जीव हुतौ सुतौ वाट्यौ, सुजान, सकोच औ सँाच सहारियै।
रोकी रहै न, दहै, घनआनंद बावरी रीझ के हाथनि हारियै।।

2. किन्हीं *तीन* आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12×3

(क) तुलसीदास की भक्ति-भावना पर प्रकाश डालिए।

(ख) "घनानंद के काव्य में निश्छल प्रेम का वर्णन है।"— इस कथन की विवेचना कीजिए।

(ग) मीरा की विरह व्यंजना पर प्रकाश डालिए।

(घ) सूरदास के वात्सल्य वर्णन की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ङ) जायसी की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×9

(क) कबीर के गुरु का क्या नाम था?

(ख) 'विनय पत्रिका' किसकी रचना है?

(ग) जायसी द्वारा रचित किसी एक रचना का नाम लिखिए।

(घ) घनानंद की किसी एक रचना का नाम लिखिए।

(ङ) 'पद्मावत' की भाषा क्या है?

(च) 'साहित्य लहरी' किसकी रचना है?

(छ) बिहारी सतसई किस छंद में रचित है?

(ज) रहीम द्वारा रचित किसी एक रचना का नाम लिखिए।

(झ) भूषण किस काल के कवि हैं?